युवा संगम

चर्चा में क्यों?

युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत, **बिहार** से 44 प्रतिनिधियों ने **कर्नाटक** की ओर प्रस्थान किया, जबकि **आंध्र प्रदेश से 50 प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश** के लिये यात्रा पर निकले।

मुख्य बिंदु

- **युवा संगम:**
  - युवा संगम वर्ष 2023 में **शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख पहल है।**
  - इसका उद्देश्य **विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में युवाओं के बीच संबंधों को सशक्त करना था।**
  - यह कार्यक्रम **सांस्कृतिक एकीकरण, ज्ञान साझाकरण और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देकर विविधता में एकता को बढ़ावा देता है।**
  - प्रतिभागियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच है, जिनमें **विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्र, स्वयंसेवक और युवा पेशेवर शामिल हैं।**
  - विभिन्न चरणों में 114 यात्राओं में कुल **4,795 युवाओं ने भाग लिया।**
- **युवा संगम का चरण V:**
  - चरण V के लिये, **भारत भर से बीस प्रतिष्ठित संस्थानों को** भाग लेने के लिये चुना गया है।
  - इन संस्थानों के प्रतिभागी नोडल **उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI)** के नेतृत्व में अपने युग्मित राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे।
- **एक्सपोज़र के प्रमुख क्षेत्र:**
  - युवा संगम यात्राओं के दौरान, प्रतिभागियों को पांच व्यापक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिन्हें 5 P के नाम से जाना जाता है:
    - पर्यटन (Tourism)
    - परंपरा (Traditions)
    - प्रगति (Development)
    - परस्पर संपर्क (People-to-people Connect)
    - प्रौद्योगिकी (Technology)
  - यह दौरा यात्रा के दिनों को छोड़कर 5-7 दिनों तक चलता है।
- **सहयोगात्मक प्रयास:**
  - युवा संगम का आयोजन '**संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के माध्यम से किया जाता है,** जिसमें विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों का सहयोग मिलता है।
  - प्रमुख हितधारकों में **गृह मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, युवा कार्य और खेल मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** और **रेलवे मंत्रालय शामिल हैं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/yuva-sangam